तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 20 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गैस पाइपलाइन विस्तार कार्य में मनमानी का आरोप ...



10 युवाओं को रोजगार और कौशल विकास क्षेत्र में नई ...




## खबर संक्षेप

### 673 ग्राम गांजा के साथ अधेड़ गिरफ्तार

**बेमेतरा।** थाना थान खम्हरिया पुलिस ने 673 ग्राम गांजा के साथ अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी विश्राम चंद्राकर पिता नर्बदा चंद्राकर उम्र 50 साल निवासी ग्राम तेन्दो थाना थान खम्हरिया के विरुद्ध 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की कारवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि विश्राम चंद्राकर निवासी ग्राम तेन्दो अवैध रूप से अवैध मादक पदार्थ गांजा अपने घर के पास बेंच में बैठकर बिक्री कर रहा है। उक्त सूचना के आधार पर थाना स्टाफ मौके पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 673 ग्राम गांजा जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी राजकुमार साहू, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक पुरूषोत्तम लाल कुलार्य, प्र.आर. रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक तोरन डहरिया, सनत आडिल, मोतीराम जायसवाल, संजय पाटिल, पीलाराम एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।



### मड़ई मेला व राऊत नृत्य प्रतियोगिता 22 को

**बेमेतरा।** ग्राम कातलबोड़ देवरबीजा में 22 जनवरी को भव्य मड़ई मेला व राऊत नृत्य प्रतियोगिता वेशभूषा के साथ का आयोजन रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 16000 हजार रुपए, द्वितीय 14000, तृतीय 11000, चतुर्थ 7100 रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही 5100 रूपए के सात, 4100 रुपए के 2 तथा 3100 रुपए के 3 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे होंगे।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक अरुण वोरा निकाय चुनाव को लेकर कल लेंगे बैठक

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरपालिका बेमेतरा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक अरुण वोरा कल 21 जनवरी दोपहर 1 बजे जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन में वरिष्ठ कांग्रेस जनों, शहर ब्लॉक पदाधिकारियों सहित सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। जारी बयान में शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी ने बताया कि आगामी नगरपालिका चुनाव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक चर्चा की जाएगी साथ ही अध्यक्ष, पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से आवेदन प्राप्त करेंगे। बैठक में सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन, शहर ब्लॉक पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, समस्त प्रकोष्ठ पदाधिकारी, चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों सहित सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने को कहा गया है।

---

दाढ़ी थाना क्षेत्र में छिरहा-कठौतिया मार्ग पर हुई भीषण दुर्घटना

# तेज रफ्तार मालवाहक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। छिरहा-कठौतिया मेन रोड में तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक को जोरदार सीधी टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी भयानक थी कि बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने टक्कर मारने वाले माजदा वाहन को आग के हवाले कर दिया। हालांकि तब तक माजदा चालक घटना स्थल से फरार हो चुका था। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए नवागढ़ अस्पताल रवाना किया। साथ ही फरार माजदा चालक के खिलाफ धारा 106,1 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर जांच में जुटी है।

■ घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मालवाहक में लगाई आग

### आरोपी चालक फरार, जांच जारी

इस संबंध में पुलिस थाना दाढ़ी प्रभारी भुनेश्वर यादव ने बताया कि मोटरसाइकिल एवं मजदा के बीच सीधी भिड़ंत हुई है, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। फिलहाल माजदा चालक फरार है, पुलिस जांच में जुटी है।

### दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार

जानकारी के मुताबिक बाइक सवार ढालचंद साहू पिता गुलुक साहू उम्र 53 वर्ष पूर्व सरपंच, कठौतिया और रामचंद पटेल पिता जरहु पटेल उम्र 45 वर्ष दोनों शनिवार को छिरहा बाजार खरीदी के लिए आए हुए थे। शाम करीब 7.30 बजे डीलक्स मोटरसाइकिल से कठौतिया घर वापस जा रहे थे, तभी छिरहा से निकलते ही रोड पर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार माजदा ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक ग्रामीणों को देख मौके से भाग निकला। वहीं, आक्रोशित ग्रामीणों ने माजदा में आग लगा दी। हालांकि पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पा लिया।

---

# चौथे दिन भी तलाशी में जुटी रहे वन विभाग की टीम, पर हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा परिक्षेत्र में संदिग्ध बाघ की आहट व दावे को रविवार को पूरे चार दिन हो गए, लेकिन अभी तक फॉरेस्ट विभाग की टीम के हाथ खाली ही नज़र आ रहे हैं। दरअसल पर्याप्त स्टॉफ, आधुनिक उपकरण एवं अनुभव की कमी के कारण संदिग्ध वन्यजीव प्रशासन की पहुंच से अब तक बाहर है। जबकि पूरे प्रभावित क्षेत्रों में दहशत व खौफ का आलम देखने को मिल रहा है। गाँव-गाँव में हर कोई बाघ के ताज़ा घटनाक्रम को लेकर तरह तरह के किस्से बना रहे हैं तो कही कही बाघ दिखने खोखले दावे को सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे हैं।

■ साजा वन परिक्षेत्र में बाघ देखे जाने के दावों के बीच अफवाहों का भी दौर जारी

मिली जानकारी के अनुसार परसबोड़, भनोरा, बोड़, डोंगीतराई सहित इत्यादि गाँव में अफवाहों का दौर जारी है। हालांकि वन विभाग के अफसरों का कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में झूठी खबर या अफवाह नहीं फैलाना चाहिए। इससे वन्यजीव की तलाशी अभियान में लगी टीम को काफी भ्रामक स्थिति का सामना करना पड़ता है एवं आमजनमानस में भी भ्रांतियां फैलने से डर व भय बढ़ने लगता है। फिलहाल फॉरेस्ट विभाग द्वारा सन्दिग्ध वन्यजीव को बाघ मानकर सम्भावित इलाकों पर खोजबीन व तलाशी की जा रही है। वहीं, अतरझोला गाँव में सुरही नदी किनारे खेत पर मिले कदमचिन्ह को सुरक्षित कर सहसपुर लोहारा के परिक्षेत्र अधिकारी-अनुराग वर्मा को सौंपा गया है, जो अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत रणवीरपुर गाँव में गुरुवार को मिले वन्यजीव के फुटप्रिंट्स का मिलान करेंगे, जिसे फिलहाल कवर्धा ज़िला में तेंदुआ मानकर वहाँ भी खोजबीन जारी है।

दोनों इलाके में एक ही दिन वन्यजीव दिखने की सम्भावना व कनेक्शन भी जोड़ने की कोशिश की जा रही है। दोनों इलाकों में विचरण कर रहे जँगली जीव की पहचान की जाएगी।

---

# गौवंशों की रक्षा करना अब परम आवश्यक है : पं हरिहर प्रसाद

**बेमेतरा।** कचहरी पारा में श्री राधे कृष्णा महिला मण्डली द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस पर कथा व्यास पं. हरिहर प्रसाद तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्रों की मनोरम कथा सुनाई। उन्होंने पुतना उद्धार, माखन चोरी, कालिया नाग मर्दन, ब्रह्म मोह, गौ-चारण, गोवर्धन पूजन, रास-महारास, कंस वध, और कृष्ण-रुक्मणी विवाह की दिव्य कथाएं सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान पं. तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने जीवन से गौ सेवा का महत्व दर्शाया है। उन्होंने गौवंश को माता मानकर उनकी रक्षा और सेवा की, जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वर्तमान समय में गौवंशों पर हो रहे अत्याचार पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने समाज से गौ संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया और श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया। श्रद्धालु भक्तों का उत्साह और भक्ति भावना पूरे आयोजन में देखने लायक थी। श्रीमद्भागवत कथा का यह आयोजन 23 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सांय 6 बजे तक कचहरी पारा, बेमेतरा में जारी रहेगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने की अपील की है।



एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

---

# गुणवत्ताहीन सीसी सड़क निर्माण का आरोप ग्रामीणों ने की जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा

ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी के वार्ड नंबर 13 में सीसी रोड निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। साथ ही गुणवत्ताहीन निर्माण व स्तरहीन मटेरियल की उपयोग से ग्रामीणों में सवाल उत्पन्न हो रहे हैं। बता दें कि ग्राम मनियारी के वार्ड नंबर 13 में कई वर्षों की मांग के बाद प्रह्लाद यादव के घर से लेकर गंगदेव साहू के घर तक सीसी सड़क निर्माण हुआ। इससे सड़क की नव निर्माण को लेकर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो रहे थे। शासन प्रशासन की महत्वाकांक्षी योजना जिला खनिज न्यास योजना अन्तर्गत सड़क निर्माण किया गया, जिसकी स्वीकृत राशि 5 लाख रुपये है। वार्ड 13 की लगभग 250 मीटर की लंबाई पर सड़क का निर्माण किया गया। जहां पर बिना इंजीनियर की जांच व निरीक्षण के बगैर खुलेआम निर्माण किया गया। इसके अलावा नियम व मानक मापदंडों को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन व स्तरहीन मटेरियल की उपयोग कर खुलेआम धज्जियां उड़ाया गया।

■ ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी में सड़क निर्माण का मामला



### जांच की मांग

जिला खनिज न्यास के अंतर्गत निर्माण ग्राम मनियारी में प्रह्लाद यादव के घर से लेकर गंगदेव साहू के घर तक सड़क निर्माण के लिए 5 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति होने के बाद भी ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन व स्तरहीन निर्माण होने की आरोप सामने आ रहे हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने जांच की मांग की है।

### गुणवत्ताहीन निर्माण व स्तरहीन मटेरियल के उपयोग का आरोप

प्रह्लाद यादव के घर से गंगदेव साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण किया गया। निर्माण के दौरान बिना इंजीनियर के जांच व निरीक्षण के सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन व स्तरहीन मटेरिल की उपयोग के कारण सड़क से धूल उड़ रहे है। जिससे वार्ड वासियों सहित ग्रामीणों में सवाल उत्पन्न हो रहे हैं। वहीं, बिना माप दंड व नियम को दरकिनार कर सड़क की मोटाई व लंबाई में भी कमी को लेकर ग्रामीणों में चर्चा है। वहीं, सड़क को महीने भर बने नहीं हुए की सड़क की स्थिति अभी से दरार व फट गए है। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो रहे हैं। साथ ही गलियों में बहने वाली नाली का पानी निकासी के लिए नाली की निर्माण बिना माप दंड के गुणवत्ताहीन निर्माण से सड़क की स्थिति और खराब हो गई है। जिससे वार्ड वासियों के लिए मुसीबत बन गया है।

---

तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह में शामिल हुए पूर्व विधायक छाबड़ा

# सत्संग से बुरे विचारों से मुक्ति मिलती है और आत्मा की भी शुद्ध होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शहर के वार्ड 14 सिघौरी व ग्राम कन्तेली में आयोजित त्रिदिवसीय कबीर सत्संग समारोह में शामिल हुए तथा सत्संग का लाभ उठाया।

इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि सत्संग से हमें ना केवल बुरे विचारों और पापों से मुक्ति मिलती है, बल्कि सत्संग से आत्मा की भी शुद्ध होती है तथा अपनी अंतरात्मा से जुड़ाव बढ़ता है। सत्संग से हमारे जीवन में सकारात्मक विचार आते हैं और नकारात्मकता की कमी होती है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सत्संग से लोगों में लालच क्रोध चिंता और शोक जैसी नकारात्मक भावनाओं के विनाश के लिए आवश्यक है। सत्संग शब्द ही अपने आप में सत्य की संगति का बोध कराता है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मैं समिति का आभारी हूं जिन्होंने मुझे सत्संग में आमंत्रित किया यहां आने से मुझे भी अपनी चेतना में सकारात्मकता का अनुभव हो रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के साथ सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा देवराम साहू पार्षद शत्रुघ्न साहू कन्हैया वर्मा कुमार वर्मा किशन साहू विष्णु वर्मा भानु दाऊ रतन वर्मा दयाराम वर्मा राजू वर्मा टकेश्वर साहू मोहन वर्मा प्रेमी साहू तुलसी वर्मा डॉक्टर लोचन साहू रमेश वर्मा मनोज वर्मा उमेंदी साहू रूप दास मानिकपुरी दया सिंह वर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह फरवरी 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 फरवरी से 28 फरवरी तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जनवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
नियम व शर्तें लागू*


कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

**खबर संक्षेप**

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले डा. रमन



**रायपुर।** नई दिल्ली प्रवास के दौरान शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते हुए श्री शाह को माडिया मदिन युगल नृत्य की प्रतिमा भेंट की। इस मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इनमें राज्य के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। डॉ. रमन ने इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राज्य में किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों की जानकारी भी दी।

## यूपी के सांसद चंद्रशेखर आजाद आज आएंगे



**रायपुर।** भीम आर्मी के संस्थापक और उत्तरप्रदेश की नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद अपने 2 दिवसीय दौरे पर 20 और 21 जनवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। जहां वे बलौदाबाजार हिंसा में जेल में बंद सतनामी समाज के निर्दोष लोगों की रिहाई की मांग कर राजभवन में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। इसी मामले में भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंजारे और पूरी टीम लगातार छत्तीसगढ़ प्रदेश का दौरा कर रही है। साथ ही सभी जगह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा रहा है निर्दोष लोगों की निशर्त रिहाई की मांग की जा रही है।

## प्रदेश को मिले 20 नए डाक्टर, पोस्टिंग आर्डर जारी

**रायपुर।** अंतिम स्वास्थ्य केंद्र तक चिकित्सकों की मौजूदगी और उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पांच चिकित्सा विशेषज्ञ सहित 20 डाक्टरों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 3, बिलासपुर संभाग में 6, सरगुजा संभाग में 2, बस्तर संभाग में 1 तथा दुर्ग संभाग में 3 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. पी सुधाकर,, डॉ. राहुल माणिकराव राठौड़, डॉ. समीरानन्दन रेड्डी सी. व डॉ. वी अमरिंदर को जिला अस्पताल बीजापुर व डॉ समीर रजक की जिला अस्पताल खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पदस्थ किया गया है।

## खाद्य अधिकारी-कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी-कर्मचारी संघ रायपुर के पदाधिकारियों ने शनिवार को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से उनके रायपुर निवास में मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री ने छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी-कर्मचारी संघ के नववर्ष 2025 कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर संघ के प्रांताध्यक्ष एनएस राठौर, उपप्रांताध्यक्ष संतोष कुमार, संगठन सचिव वीना किरण, जिलाध्यक्ष मनोज बघेल, शशि सिंह व पुष्पा चौधरी उपस्थित रहे।

## राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर व्याख्यान

**रायपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में विगत दिनों गुरुनानक चौक स्थित निवेदिता शासकीय कन्या शाला में उनके जीवनवृत्त और दूरदर्शी प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रगति यादव महासंघ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की नौ नन्ही-मुन्नी बालिकाओं ने नवदुर्गा स्वरूप वीरांगना अहिल्याबाई का रूप धारण कर उनकी प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और साहस की चर्चा कर उपस्थित जनसमुदाय की ताली बटोरी।

# जिलों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, आयोग की तैयारी पूरी, आचार संहिता आज-कल में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव, विधानसभा का बजट सत्र और परीक्षा शुरू होने के पहले करा लिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमुख विभाग के अधिकारियों की प्रशासनिक और कानूनी तैयारियों को लेकर बैठक ली गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा है कि आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को आयोग द्वारा जिलों के अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा सोमवार को हो सकती है।

इधर नगरीय निकाय चुनाव में मतदान ईवीएस से कराए जाने का निर्णय होने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग इसकी तैयारी में जुट गया है।

### ईवीएम की जांच कर हैदराबाद की तकनीकी टीम ने दी हरी झंडी

**कांग्रेस सरकार का निर्णय बदला गया**

छत्तीसगढ़ में पिछली बार का निकाय चुनाव बैलेट पेपर से हुआ था। उस समय वो निर्णय कांग्रेस ने लिया था, जिसे अब बीजेपी ने बदल दिया है। 2019 से पहले पहले 2014 में निकाय चुनाव से ही हुए थे। कांग्रेस सरकार ने बैलेट पेपर की व्यवस्था लागू की थी, इसे बदलने के लिए इवीएम वाले प्रावधान वापस जोड़े। अधिसूचना में इलेक्शन से जुड़ी कई गाइड लाइन भी दी है। 18 जनवरी के बाद निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा। बहरहाल, राज्य निर्वाचन आयोग ने अब इवीएम से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं.




***जिलों में अंतिम प्रकाशन पूरा***

*नगरीय निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। निर्वाचन आयोग रविवार को जिलों से प्राप्त सूचना के आधार पर मतदाता सूची का प्रदेश स्तर पर प्रकाशन करेगा। निर्वाचन आयोग ने जिला के उप निर्वाचन अधिकारी और चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा है।*

ईवीएम की जांच के लिए हैदराबाद से विशेषज्ञों की टीम नवा रायपुर में मशीनों की जांच कर रही है। अफसरों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के पास करीब 20 हजार बैलेट यूनिट और 10 हजार कंट्रोल यूनिट हैं। 2014-15 के नगरीय निकाय चुनाव में इसका अंतिम बार उपयोग किया गया था, इसके बाद से सभी ईवीएम राज्य निर्वाचन आयोग के स्टोर रुम में रखा हुआ था। निकाय चुनाव ईवीएम से कराए जाने की अधिसूचना जारी होने के साथ मशीनों को तैयार करने प्रक्रिया शुरू कर दी गई। ईवीएम मशीनों की जांच के लिए हैदराबाद से 165 लोगों की टीम में इंजीनियर समेत अन्य तकनीकी स्टाफ शामिल है। अफसरों के अनुसार ईवीएम मशीनों के प्रथम स्तर की जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है।


### तकनीकी शिक्षा, सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक के मध्य एमओयू

# युवाओं को रोजगार और कौशल विकास क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

अनुबंध निष्पादन समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज का यह अनुबंध छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर छात्र चाहे वह आईटीआई से हो इंजीनियरिंग कॉलेज से हो या पॉलीटेक्निक से उसके पास रोजगार का उचित अवसर हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार के लिए पंजीकृत छात्रों का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और यह केवल राज्य के हित में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि अनुबंध के तहत जो भी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वे पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने युवाओं से सीजी रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर युवा को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप एक सही दिशा मिले। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास करेगी।



**युवाओं का आत्म निर्भर बनाना चाहती है सरकार- केदार**

वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ के युवाओं में अपार क्षमता है, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसरों की आवश्यकता है। यह अनुबंध सुनिश्चित करेगा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों के युवा भी मुख्यधारा में शामिल हो सकें और अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहती है।

**10 प्रतिशत छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य**

अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड, सीएसआरबॉक्स और सीआईआई यंग इंडियंस जैसे साझेदारों के साथ मिलकर राज्य में रोजगार और कौशल विकास का एक नया युग शुरू हो रहा है। आईबीएम द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट सर्टिफिकेशन कोर्स करवाया जाएगा जो राज्य के आईटीआई, इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में उपलब्ध होगा। इस कोर्स से छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा और कम से कम 10 प्रतिशत छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**ये थे मौजूद**

शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव एस भारतीदासन, संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार ऋतुराज रघुवंशी, अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. प्रीत सिंह, सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट मनो विराज सिंह, वाईस प्रेजिडेंट और सीआईआई यंग इंडियंस के चेयर पर्सन गौरव अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मानस महोत्सव में अंबागढ़ चौकी व कुंदरूपारा बालोद की मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम पलारी में मानस प्रचार समिति द्वारा छ.ग प्रदेश स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन किया गया था, जिसके विजेताओं के नाम घोषित कर दिये गए हैं। इसके तहत पुरूष वर्ग में आंजनेय मानस परिवार अंबागढ़ चौकी ने 81 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। शक्ति संगम मानस परिवार भिभौरी बेरला ने 77 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- ग्राम पलारी में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची जारी

नूतन मानस मंडली धौरा मांग ने 75 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवनीत मानस परिवार कुथरेल दुर्ग ने 74 अंक के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। संगीत मानस परिवार निपानी ने 72 अंक के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। पुष्पांजलि मानस परिवार पेड्रावन धमधा ने 66 अंक के साथ षष्ठम स्थान प्राप्त किया। मां शारदा मानस मंडली नारायणपुर ने 64 अंक के साथ सप्तम स्थान प्राप्त किया।

वहीं महिला वर्ग में आराधना बालिका मानस मंडली कुंदरूपारा बालोद ने 68 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमिजा मानस मंडली गुढ़ियारी रायपुर ने 65 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओम महिला मानस मंडली डुडिया अर्जुन्दा ने 60 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विशेष पुरस्कार के तहत व्याख्या में राम रूचि मानस मंडली सरोरा रायपुर ने पुरस्कार प्राप्त किया। संगीत विशेष में तरूण मानस प्रचार समिति तोरला चम्पारण, वेशभूषा एवं अनुशासन में सुर संगम मानस परिवार दंतेवाड़ा तथा प्रसंगानुकूल प्रस्तुति में सिया के राम मानस परिवार खोरपा ने पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष टेकलाल सोनबेर, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष संतोष गंगबेर, सचिव राजेन्द्र महमल्ला, सहसचिव यानेश सोनकलिहारी, सदस्य सुरेश साहू, नंद कुमार, बसंत साहू, रविकांत साहू, अर्जुन, तोशण साहू, छगन सोनबोईर, वेदप्रकाश, योगेश्वर साहू, बुधारू, संतु, घनश्याम, रेखू, रजउराम निशाद, टीकाराम, रिंकू साहू, बसंत कुमार साहू, पूर्णेश्वर अड़िल, टेकलाल सोनबेर बाल समाज लीला मंडली, उर्जावान युवा मित्र मंडल, महिला मंडल, रामधुनी मंडली, श्रीराम सेना पलारी का सहयोग रहा।

# बोरगहन (फुण्डा) में सरपंच संतराम ने दुकानदारों को प्रदान किया डस्टबिन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत बोरगहन (फुण्डा) में स्वच्छता अभियान के तहत सरपंच संतराम चंद्राकर ने स्थानीय बस स्टैंड स्थित दुकानदारों एवं चौराहों पर स्थित दुकानों में कचरे एकत्रित करने के डस्टबीन का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर थे। पंचायत ने दुकानदार व ग्राहकों से अपील की कि कचरों को बाहर खुले स्थान पर फेंकने के बजाय कचरे को डस्टबीन में डालें, जिससे चौराहे पर स्वच्छता बनी रहेगी। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं सरपंच संतराम चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को विशेष महत्व दिया है और हम सभी का दायित्व बनता है कि अपने आसपास की जगहों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखें। कचरे को डस्टबीन में डालें। प्रत्येक व्यक्ति स्वयं से स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनते हुए कचरो को निर्धारित स्थान पर डालेंगे तो स्वच्छता बनी रहेगी। इस दौरान उपसरपंच कमलेश चंद्राकर, सचिव कमलेश्वर पटेल, दुलारी बंजारे, रोजगार सहायक रामकुमार साहू, जानकी ठाकुर, दुरपत कोसरे, गोदावरी चंद्राकर, खिलेन्द साहू, खिलेश्वर साहू, देवलाल साहू, लालकृष्ण साहू, दानेश्वर साहू, छत्रपाल साहू, विजय सोनबेर, चंद्रशेखर पटेल, ओमप्रकाश साहू, हरदास महिपाल, विक्की साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# भाजपा में दावेदारों के नामों का पैनल बनाने की कवायद प्रारंभ, पार्षद प्रत्याशियों का फैसला होगा जिलों में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर दावेदारों का पैनल बनाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। नगर निगम और नगर पालिकाओं में पार्षदों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। वार्डों में भी प्रभारी जा रहे हैं। वहां पर चर्चा करके दावेदारों के नाम लिखे जा रहे हैं। नगर निगम के महापौर, पालिकाओं के अध्यक्ष, नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों के लिए उम्मीदवारों का चयन 25 जनवरी तक पूरा करके इनका ऐलान भी करने की तैयारी है। जहां महापौर प्रत्याशी का चयन प्रदेश चयन समिति करेगी, वहीं पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों का चयन संभागीय समिति प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद करेगी और ऐलान करेगी। पार्षद प्रत्याशियों का चयन संभागीय समिति करेगी और ऐलान जिला समिति करेगी।

- नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन में प्रत्याशियों के चयन की चल रही कवायद



प्रदेश में पहली बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे, इसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। हालांकि दोनों चुनाव के लिए मतदान में ज्यादा दिनों का अंतर नहीं रहेगा। ऐसे में दोनों चुनावों के लिए प्रत्याशियों का चयन करने की कवायद चल रही है। अभी से लगातार दावेदारों के नाम भी सामने आ रहे हैं। दावेदार जिलों, संभाग के प्रभारियों के पास जाने भी लगे हैं।

***महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी ऐसे होंगे तय***

*नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के चयन के लिए जिलों से पैनल तैयार होकर संभागीय समिति के पास आएगा इसके बाद संभागीय समिति से यह पैनल प्रदेश चयन समिति के पास पहुंचेगा। प्रदेश चयन समिति की बैठक में सभी नगर निगमों के पैनलों पर मंथन के बाद नामों का ऐलान प्रदेश चयन समिति करेगी। अगर जरूरी हुआ तो महापौर प्रत्याशियों के नामों के ऐलान के पहले राष्ट्रीय संगठन को भी इसकी जानकारी देकर मंजूरी ली जा सकती है। इसी तरह से नगर पालिकाओं के अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए जिलों से संभागीय समिति के पास पैनल आएगा। इस पर संभागीय समिति फैसला करेगी, लेकिन इसके लिए संभागीय समिति को प्रदेश समिति का अनुमोदन लेना पड़ेगा। अनुमोदन लेने के बाद संभागीय समिति पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और जिलों में इसका ऐलान होगा। पार्षद प्रत्याशियों पर अंतिम फैसला संभागीय समिति करेगी। मंडलों ने नाम आने के बाद इनको जिला समिति पैनल बनाकर संभागीय समिति के पास भेजेगी। वहां से नाम तय करके जिला समिति को बताया जाएगा तो जिला समिति पार्षद प्रत्याशी के नामों का ऐलान करेगी।*

### प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

# जनता को शासकीय योजनाओं का दिलाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर शहर का राजधानी के अनुरूप विकास करें और पूरे जिले को हम सब मिलकर स्वच्छ और सुंदर बनाएं। विधायक एवं जनप्रतिनिधि से सुझाव लेकर यातायात, अपराध नियंत्रण, राजस्व सहित अन्य विषयों पर कार्ययोजना बनाएं। ये बातें जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभागृह में जिले की समीक्षा बैठक में कही। विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, खुशवंत गुरु साहेब, इंद्रकुमार साहू के अलावा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। मंत्री श्री कश्यप ने राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व के विवादित या अविवादित सीमांकन के प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटारा करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिले। इसका विशेष ध्यान रखें। उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए। नवीन राशनकार्ड का वितरण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान बैठक में कहा गया कि जो स्वास्थ्य विभाग के जो भवन अपूर्ण हैं, उसे पूर्ण किया जाए। विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं। साथ ही आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के लिए कैंप लगाकर योजना का लाभ दें। ब्लॉक स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगाकर कार्ड बनाया जा रहा है।

बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विधायकों ने आरटीई और स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित अन्य स्कूलों में शिक्षकों के संबंध में सुझाव दिए।




**महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने लगाएं शिविर**

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव के अनुरूप ऐसा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाएं, जो पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बन सके। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत जिन हितग्राहियों को अभी राशि मिलनी बंद हो गई है। उसकी समीक्षा कर उन्हें योजना का लाभ दिलाएं।

# सहकारी समिति कुसुमकसा के प्राधिकृत अध्यक्ष योगेंद्र ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा पं क्र 1412 के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में शासन द्वारा प्राधिकृत (अध्यक्ष) पद पर नियुक्त योगेंद्र कुमार सिन्हा गांधी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर हितेश साहू प्राधिकृत (अध्यक्ष) आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुजरा, हितेश गुप्ता, संतोष जैन, टिकेंद्र साहू, कमल कृष्णकांत साहू, मोतीलाल कुचेरिया, मितेंद्र वैष्णव मंचस्थ थे।

इस अवसर नवनियुक्त प्राधिकृत अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिन्हा का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर व तिलक लगाकर किया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद योगेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार किसानों का एक एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए किए गए वादा को निभा रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्र में किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर भीखम लाल साहू समिति प्रबंधक ,झग्गूराम पिस्दा,मोहन राव ,रवि भंडारी,योगराज साहू , चेतन भुआर्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ,चोवादास मानिकपुरी ,चंद्रभान सिनेंद्र ,कृपाराम कोठारी , फकीरा राम सिन्हा ,घासीराम सहित किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चेतन भुआर्य व आभार प्रदर्शन भीखमलाल साहू ने किया।



## खबर संक्षेप

### पलारी में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर 22 को होंगे विविध कार्यक्रम

**गुरूर।** ओंकारेश्वर शिक्षण समिति पलारी व सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलारी द्वारा प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा दिवस एवं लोकमाता अहिल्या देवी होल्कर त्रिशताब्दी जयंती मातृ शक्ति सम्मेलन, वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 22 एवं 23 जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर परिसर नवीन नगर पंचायत पलारी में किया गया है। इसके तहत 22 जनवरी को श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा दिवस प्रातः 8 बजे से कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे से संगीतमय रामकथा महोत्सव के तहत विभिन्न मानस मंडलियां प्रस्तुति देंगी। वहीं, 23 जनवरी को प्रातः 9 बजे मातृ सम्मेलन ओलम्पिक खेलकूद, लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत दोपहर 3 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 4 बजे सम्मान एवं समापन समारोह कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन होंगे, अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष जिला बालोद चेमन देशमुख करेंगे।

### डॉ. यशवंत को पीएचडी

**रायपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में डॉ. यशवंत कुमार रात्रे को बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया। उनका शोध विषय कैंसर में ग्लूटामाइन मेटाबोलिज्म का अध्ययन और एंटी-कैंसर गतिविधि के लिए इसका मॉड्यूलेशन रहा, जो कैंसर उपचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने वाला है। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही ऑल इंडिया टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम, राष्ट्रीय सचिव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल आदि शामिल थे।

### नाला निर्माण में धांधली की जांच कराने धरना दिया तो झूठे केस में फंसाया

**रायपुर।** इंदिरा नगर स्थित नाले की वजह से राजनांदगांव क्षेत्र की 40 फिसदी आबादी हर साल जलभराव की वजह से डूबान का हिस्सा बनती है, जबकि यह नाला 2018 के पहले 30 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा हुआ करता था। इसे बनवाने के लिए पूर्व में डॉ.रमन सिंह ने 30 करोड़ रुपए की मंजूरी दिलाई, इसके बाद बाहुबली लोगों ने निर्माण में धांधली करते हुए अधूरा निर्माण करवाते हुए अवैध तरीके से बसे लोगों को बचाने का काम किया। राजनांदगांव के बसंतपुर निवासी पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता उर्फ चंपू और उनकी बेटी गीता गुप्ता ने मामले को लेकर शनिवार को पत्रकार वार्ता ली। इसमें बताया कि इस धांधली से लोगों को अभी जलभराव से निजात नहीं मिली। इसे देखते हुए मैंने धरना देते हुए शासन से जांच कराने और कार्रवाई की मांग की। इसके बाद महीनेभर के भीतर जुआ खेलने और खिलवाने के झूठे केस में फंसाया गया। क्राइम ब्रांच की टीम को जबरिया कार्रवाई के लिए भेजा गया।

### जैन भवन जामगांव आर में जैन साध्वियों की प्रवचन श्रृंखला जारी

# अहंकार से परे अहो भाव के साथ परमात्मा के दरबार पहुंचें : साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



जैन भवन जामगांव आर में जारी प्रवचन श्रृंखला में जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्रीजी, ज्ञानप्रभा श्रीजी एवं चारित्र प्रभा श्रीजी का सानिध्य लाभ जैन श्री संघ रानीतराई, जैन श्री संघ जामगांव आर के सदस्यों को प्राप्त हुआ।

खतरगच्छ की प्रखर वक्ता जैन साध्वी दर्शन प्रभा श्री जी ने कहा कि अहंकार से परे अहो भाव के साथ परमात्मा के दरबार में पहुंचकर परमात्मा के जीवन दर्शन में मस्त होते हुए अपने आपको टटोलना चाहिए कि कर्मो को क्षय करने की दिशा में स्वयं के द्वारा क्या प्रयास किया जा रहा है। जीवन में अपना आई क्यूं ठीक रखना चाहिए। इससे रिश्ते सकारात्मक बने रहते है। जीवन में राग द्वेष से परे होने का सतत चिंतन मनन करता है तब मन अंत में समाधि मरण को प्राप्त करने लायक बनता है। श्रद्धा समर्पण के साथ जिएं। साध्वी श्री ने कहा कि आपके कितने पूर्वज दुनिया छोड़कर चले गए आपको भी छोड़ जाना है आप सब जानते है फिर भी नश्वर संसार में आसक्ति के मायाजाल में फंसते चले जा रहे है जो आपकी भव भव गति बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है और इस तरह दुर्लभ मानव जीवन के धनी मानव अपने आपको धोखा देने में पिल पड़ा है। मायाजाल के भूल भुलैया वाले सपनों से जाग जाओ। पुण्य पाप का टेली करो। वीतराग मार्ग को अंगीकार कर जीवन को सार्थक बनाए। दर्शन प्रभा श्री जी ने कहा कि दुर्लभ मानव को सार्थक बनाने अपनी दिनचर्या का आंकलन करे,मानव को महामानव बनाने का जतन करे। परमात्मा बनने वाली आत्मा को प्रलोभन में नहीं फंसाए। राग द्वेष का खेल कब तक खेलते रहोगे। मानव जीवन चौराहा है देव बनना है या दानव बनना है अपना कर्तव्य चुने। मोक्ष वीरों का मार्ग है इस पर चलने के लिए बटोरने की बजाय बांटने का रास्ता अपनाना होगा। आसक्ति छोड़ विरक्ति का मार्ग अपनाना होगा।

#### निश्चल कर्म भक्ति बन जाती है

जैन साध्वी ज्ञान प्रभा श्री जी ने कहा कि धार्मिक क्रिया ज्ञान पूर्वक किया जाना चाहिए तब मोक्ष मार्ग का पथिक बन पाएंगे। केवल क्रियाएं करके धार्मिक समझना अपने साथ धोखा है। साध्वी श्री ने कहा कि आसक्ति दुर्गति का कारण बनती है।निश्चल कर्म करे कर्तव्य भक्ति बन जाती है। जीवन में कार्य ऐसे करे कि परमात्मा की करुणा दृष्टि आप पर पड़े। बीज संघर्ष करके ही वृक्ष बनता है और फिर दुनिया की झंझावात भी नुकसान नहीं पहुंचा पाता।

## प्रगति विद्यालय में दीक्षार्थी राखी सांखला का किया गया अभिनन्दन



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक से मिडिल कक्षा तक विद्यार्थी के रूप में अध्यापन करने वाली राखी सांखला का अभिनन्दन किया गया। दीक्षा ले रही राखी सांखला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने गृहस्थ जीवन को न अपनाते हुए त्याग एवं तपस्या का मार्ग चयन किया है। अपने गुरुदेव के प्रति अटूट श्रद्धा रखते हुए आज मुझे यह आशीर्वाद प्राप्त हुआ है कि मैं संयम मार्ग पर चलते हुए अपनी भक्ति के मार्ग को पा सकूं। उन्होंने सभी बच्चों को मोबाईल तथा नशापान सहित अन्य बुरे व्यसनों से दूर रहते हुए केवल अच्छी शिक्षा प्राप्त कर माता पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा मानते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने पर गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि आज मैंने जिस मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है उसमें विद्यालय की अहम भूमिका रही है। दीक्षार्थी राखी सांखला के अध्यापन अवधि की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य कीर्तिबाला ने कहा कि प्रारंभ से ही मेघावी रही राखी शालीन एवं अनुशासित रहीं हैं, आज इसी का परिणाम है कि वे संयम मार्ग पर चलने के लिए कटिबद्ध हुई हैं। दीक्षार्थी राखी सांखला को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हस्तीमल सांखला, सचिव फूलचंद डोसी, संस्थापक ललित सिह गौर, श्री गंजीर, श्री सिन्हा, मूलचंद साहू एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## स्वीटी व उनके हर्ष पुत्र का किया गया बहुमान



**जामगांव आर।** नश्वर संसार के रास रंग से हटते हुए आत्मकल्याण का भाव लेकर जैन साध्वियों के साथ सतत विचरण करने वाले बड़ोदरा निवासी स्वीटी संचेती और इनके लाडले बेटे 14 वर्षीय हर्ष संचेती का जामगांव आर जैन श्री संघ ने जैन भवन में बहुमान किया गया। विदित हो कि हर्ष संचेती के बड़े भाई ने 6 माह पूर्व सूरत में खतरगच्छदीपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सुरीश्वर जी मसा से दीक्षा ग्रहण किए। शासन में एक युवा मुनि संत पूज्य मधुरप्रभ श्रीजी के रूप में जिन शासन को वृद्धिगत क्रम में मिले। जैन श्री संघ जामगांव आर नश्वर संसार को ज्ञानी भगवंतो के सानिध्य में आकर आत्मकल्याण के इन पथिकों का वंदन अभिनन्दन करता है। जैन श्री संघ अध्यक्ष चंद्र कैलाश बैंद ने बताया कि फलोदी राजस्थान के मूल निवासी हंसराज पुष्पा देवी संचेती के सुपुत्र नीरज संचेती का परिवार पत्नी और दोनों पुत्रों का संयम जीवन सार है बाकी सब बेकार है का भाव, भव सागर में गोता लगा रहे लोगो के लिए प्रेरणा दाई है। समाज के वरिष्ठ गोवर्धन कोचर, भारती कोचर, मनीष जैन, प्रेमचंद, सुनीता चौरड़िया, चंद्रकैलाश, ममता बैद, आसकरण, निर्मला गोलछा ने अभिनन्दन किया।

#### संत संग से आया जीवन में संयम का टर्निंग पॉइंट

संयम पथ पर चलने के लिए दृढ़ संकल्पित स्वीटी संचेती और सुपुत्र हर्ष संचेती ने कहा कि खतरगच्छिदपति आचार्य जिनमणिप्रभ सुरीश्वर जी मसा और मनोहर कीर्ति शिशु दर्शन प्रभा जी का सानिध्य मिला। सत्संग में नश्वर संसार को समझने का अवसर मिला और समझ में आया कि संयम पथ पर चलकर जिन शासन की सेवा करते हुए आत्म कल्याण करना उचित होगा तब से इस राह पर जैन साध्वियों के साथ विचरण करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। संयम पर चल रहे मां बेटे ने बताया कि सूरत राजनांदगांव दुर्ग चातुर्मास में संत समागम का टर्निंग पॉइंट वाली जीवन दायिनी लाभ मिला।

## आवास प्लस ऐप के माध्यम से किया जा रहा पीएम आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में सर्वे के लिए नई प्रक्रिया लागू
- सभी पात्र परिवारों का होगा समावेश

भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को आगामी 5 वर्षों (वर्ष 2024-25 से 2028-29) तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास की पात्रता रखने वाले सभी परिवारों का नाम 'आवास प्लस सूची' में शामिल किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार, जिलों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र परिवारों का सर्वे 'आवास प्लस' ऐप के माध्यम से किया जा रहा है।

सर्वे कार्य की सफलता के लिए आवास प्लस ऐप का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया गया है, और प्रगणक का पंजीकरण 'आवास प्लस पोर्टल' पर अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रक्रिया में ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि पात्र परिवार सर्वे से वंचित न रहें। यदि किसी कारणवश कोई पात्र परिवार छूट जाता है, तो हितग्राही ग्राम पंचायत के सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे करा सकते हैं।

#### पात्र परिवार स्वयं कर सकते हैं जानकारी अपलोड

पात्र परिवार अपनी जानकारी स्वयं आवास प्लस ऐप के माध्यम से भी अपलोड कर सकते हैं। यह सुविधा उन परिवारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो अपने सर्वे के लिए स्थानीय अधिकारियों तक पहुंचने में असमर्थ होते हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सचिव, आवास मित्र या रोजगार सहायक से संपर्क किया जा सकता है।

#### सर्वे में शामिल नहीं होंगे ये परिवार

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के लिए संशोधित मापदण्ड भी जारी किए गए हैं, जिनके तहत कुछ विशेष परिवारों को योजना से बाहर रखा गया है। इन मापदण्डों के अनुसार, निम्नलिखित परिवार योजना के लिए पात्र नहीं होंग इनमे जिनके पास मोटरयुक्त तिपहिया या चौपहिया वाहन हो।मशीनीकृत कृषि उपकरण रखने वाले परिवार। जिनके पास रु. 50,000 या इससे अधिक ऋण सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड हो। जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो। जिनके पास सरकार द्वारा पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम हो। जिनके परिवार का कोई सदस्य रु. 15,000 या उससे अधिक प्रति माह कमा रहा हो । आयकर देने वाले परिवार। व्यवसाय कर देने वाले परिवार। जिनके पास 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि हो। जिनके पास 5 एकड़ या उससे अधिक असिंचित भूमि हो आदि शामिल हैं ।

#### सर्वे के लिए नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क

यह सर्वे कार्य पूरी तरह निःशुल्क है और प्रगणकों द्वारा किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति सर्वे के दौरान या किसी अन्य स्तर पर किसी भी प्रकार की राशि की मांग करता है, तो हितग्राही तुरंत संबंधित जनपद पंचायत या जिला पंचायत में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र परिवारों को सुनिश्चित करने का यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण भारत के नागरिकों को बेहतर आवास सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

### चिल्हाटीकला में हुई मॉडल टेस्ट परीक्षा

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति माडल टेस्ट परीक्षा का सफ़ल आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी जो कक्षा सातवीं में 55 प्रतिशत तथा ओबीसी व एसटी, एससी 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं, वही इस परीक्षा के लिए पात्र हैं। जिसका चयन परीक्षा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 16 फरवरी 2025 को निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगा।

## प्राथमिक शाला नगपुरा में बच्चों का कराया गया अन्नप्राशन



- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत हुईं विविध गतिविधियां

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार जांबुलकर के मार्गदर्शन में दुर्ग ग्रामीण परियोजना के ग्राम पंचायत नगपुरा के प्राथमिक शाला नगपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे महिलाओं का कुर्सी दौड़, मटका फोड़ करवाया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम सरस्वती सिन्हा, द्वितीय दामेश्वरी देशमुख, तृतीय स्थान दीपक गौतम एवं मटका फोड़ में प्रथम ममता साहू, द्वितीय सुनीता देवांगन, तृतीय स्थान पुष्पलता देवांगन को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सानवी, तेजस्विनी, पार्थ, प्रांजन, परिणिता का अन्नप्राशन खीर खिलाकर किया गया। इसके साथ ही 6 माह तक सिर्फ और सिर्फ मां का दूध पीना चाहिए और 6 माह के पश्चात दूध के साथ अनिवार्य रूप से अतिरिक्त पोषण आहार खिलाए जाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर साहिना, मधु, मंजु, पूजा, प्रिया की गोदभराई की गई। कार्यक्रम में ऊषा झा परियोजना अधिकारी एकीकृत परियोजना दुर्ग ग्रामीण ने सभी को बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू थीं। कार्यक्रम के अंत में नगपुरा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अंजोरा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक गीतांजलि भैंसारे, रसमदा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक शशि रैदास एवं नगपुरा, रसमदा, अंजोरा परिक्षेत्र की कार्यकर्ताएं, समूहों की महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक बाजार में लोगों को लुभा रहे हैं डिजाइनर गुल्लक



**दल्लीराजहरा।** नगर के कुम्हार पसरा में रविवार साप्ताहिक बाजार में मिट्टी से बने आकर्षक गुल्लक बच्चों और बड़ों को खूब लुभा रहे हैं। इन गुल्लकों में गणेश जी, मछली और अन्य प्रकार की डिजाइनें खासतौर पर देखने को मिल रही हैं। मिट्टी के ये गुल्लक न केवल बच्चों के लिए बचत का साधन हैं, बल्कि पारंपरिक कला और स्थानीय कारीगरों की मेहनत का प्रतीक भी हैं। साप्ताहिक बाजार में इन मिट्टी के गुल्लकों की अलग-अलग आकृतियों और रंगों ने बाजार में एक विशेष आकर्षण पैदा किया है। लोग इन्हें न केवल उपयोगिता के लिए खरीद रहे हैं, बल्कि घर की सजावट के लिए भी इन्हें पसंद कर रहे हैं। कुम्हारों की यह कला स्थानीय संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का एक बेहतरीन उदाहरण है। खिलौने के गुल्लक में बच्चे अपने सिक्के एवं अन्य संग्रहण करने लगे हैं जिसका लाभ भविष्य में परिजनों को मिलेगा ही साथ ही बच्चों में बड़ों को बचत किस तरह किया जाना है इस तरह की प्रेरणा भी प्राप्त हो रही है।

## कोलकाता में बन रही है पाटेश्वर धाम में विराजित होने वाली माँ कौशल्या की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





संत रामबालक दास महात्यागी के दिव्य संकल्प एवं समस्त राम भक्तों के सहयोग से बन रहे विश्व की प्रथम मां कौशल्या धाम पाटेश्वर आश्रम में स्थापित होने वाली 7 फीट की दिव्य मां कौशल्या की मूर्ति इस समय मायापुर कोलकाता में बनाई जा रही है। यहां पर मिट्टी की प्रतिमा बनाकर सांचा बनाया जाएगा, जिसे फाइबर से बनाकर फिर जयपुर राजस्थान ले जाया जाएगा। संत श्री राम बालक दास महात्यागी शुक्रवार को नियमित उड़ान से कोलकाता पहुंचे।

जहां पर एयरपोर्ट में मूर्ति कला संघ के मनोज सहस्त्रबुद्धि, शिवम पॉल ने उनका स्वागत किया। जयपुर से आए प्रसिद्ध मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे ने बताया कि मां कौशल्या कि यह मूर्ति विश्व में प्रथम बार बन रही है, आज तक कभी मां कौशल्या की मूर्ति कहीं पर भी नहीं बनाई गई। कोलकाता मायापुर के प्रसिद्ध मूर्तिकारों द्वारा मिट्टी की यह मूर्ति बनाई जा रही है। फिर इसके मॉडल को जयपुर राजस्थान ले जाया जाएगा। वहां पर व्हाइट मार्बल से यह मूर्ति 2025 में ही बनाकर पूर्ण कर ली जाएगी। 2026 में श्री पाटेश्वरधाम जिला बालोद छत्तीसगढ़ में मां कौशल्या की दिव्य स्थापना होनी है। गोद में रामलला को लिए हुए मां कौशल्या की यह आज तक की विश्व की प्रथम मूर्ति मानी जा रही है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए संत श्री राम बालक दास ने कहा कि मां कौशल्या धाम की स्थापना केवल छत्तीसगढ़ का नहीं वरन संपूर्ण भारतवर्ष के सनातनी रामभक्तों का कर्तव्य है। अतः मुक्त हस्त से दानकर पुण्य के सहभागी बनें।

### कन्नेवाड़ा में स्वामी आत्माराम कुंभज हॉकी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम

# छत्तीसगढ़ सरकार खेलों के विकास, उसके सरंक्षण व संवर्धन के लिए कृत संकल्पित है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में खेलों के विकास तथा उसके सरंक्षण एवं संवर्धन के लिए कृत संकल्पित है। छत्तीसगढ़ की पहचान खेल के क्षेत्र में विकसित राज्य के रूप में हो। इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

उक्त बाते प्रदेश के खेल युवा कल्याण एवं राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने ग्राम कन्नेवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय स्वामी आत्माराम कुंभज हॉकी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कही।

ग्राम कन्नेवाड़ा में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित इस तीन दिवसीय 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालिकाओं के राज्य स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें दुर्ग, कबीरधाम, बेमेतरा, राजनांदगांव, रायपुर एवं बालोद जिले सहित राज्य के कुल 6 टीमों ने भाग लिया था। तीन दिनों तक चली रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धा पूर्ण मैच में राजनांदगांव की टीम विजेता रही। दुर्ग की टीम ने उपविजेता का खिताब जीता। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन साहू, छत्तीसगढ़ हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष तोमन साहू सहित कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला हॉकी संघ के सचिव तोरण सिन्हा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।



#### मंत्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ी गीत की दी प्रस्तुति

इस असवर पर मंत्री वर्मा ने सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीत की प्रस्तुति भी दी। चेमन देशमुख ने कहा कि ग्राम कन्नेवाड़ा में राज्य स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन निश्चित रूप से अत्यंत सराहनीय है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता में शामिल राष्ट्रीय हॉकी मैच के रेफरी एवं कन्नेवाड़ा में संचालित प्री मिलिट्री ट्रेनिंग के प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री वर्मा ने कार्यकम स्थल में संचालित प्री मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर का अवलोकन कर उसकी सराहना की। कार्यकम में ग्राम कन्नेवाड़ा की सरपंच सरिता साहू, एसडीएम सुरेश साहू, जिला हॉकी फेडरेशन के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में हॉकी खिलाड़ी, ग्रामीण एवं हॉकी खेल से जुड़े लोग मौजूद थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए ग्राम पंचायत रुदा को मिला सम्मान

**गुण्डरदेही।** फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में ब्लॉक के ग्राम पंचायत रुदा को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला सीईओ द्वारा सम्मान में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान गांव के सरपंच भगवान दास देशलहरे और सचिव धरम सिंह कुंभकार को प्रदान किया गया।

### डोंडी में पहली बार महिला थानेदार, उमा ठाकुर ने संभाला कार्यभार



**डोंडी।** डोंडी में प्रथम बार महिला थानेदार उमा ठाकुर ने रविवार को चार्ज संभाला। उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। नई थानेदार उमा ठाकुर ने हरिभूमि से चर्चा में कहा, कि मेरा मुख्य उद्देश्य कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। मैं अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करूंगी और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करूंगी।

### बाइक की ठोकर से बच्चा घायल

**बालोद।** सड़क पार कर कापी लेने दुकान जा रहे 5 वर्षीय छात्र को मोटर सायकल ने ठोकर मार दी। इससे छात्र को चोट लग गई। इस मामले में प्रार्थी ने 18 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं, देवरी पुलिस ने चालक के विरुद्ध धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया है। ग्राम पसौद निवासी प्रतिमा देवांगन 32 वर्ष ने बताया कि 3 जनवरी को सुबह 9 बजे मेरा बेटा टुकेन्द्र देवांगन उम्र 5 वर्ष कापी लेने के लिए दुकान जा रहा था, जो रोड पार कर रहा था, तभी लोहारा की ओर जा रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 वी 1732 के चालक ने ठोकर मार दी। इससे टुकेन्द्र देवांगन को काफी चोट आया है, जिसको जिला अस्पताल राजनांदगांव ले जाकर इलाज करवाया।

### लाटाबोड़ में मड़ई मेला आज

**लाटाबोड़।** आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में 20 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। सरपंच गंगा प्रसाद साहू ने बताया कि रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति लहर गंगा धनेली (गुरुर) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### भेंगारी में मड़ई मेला 22 को

**लाटाबोड़।** ग्राम भेंगारी में 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीण टोमन साहू ने बताया कि मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी गोपाल बलराम निपानी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन आज

**बालोद।** भाजपा मंडल बालोद द्वारा 20 जनवरी को विभिन्न वार्ड में 4 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। भाजपा मण्डल ने वार्डवार प्रभारियों की नियुक्ति की है, वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्डों में होने वाले कार्यों के संबंध में व्यवस्था संभालेंगे। कार्यक्रम के आरंभ में कार्यकर्ता गांधी भवन में एकत्र होंगे।

---

### बेरला अनुविभाग के भिम्भौरी तहसील इलाके के दर्जनभर गाँवों के किसान परेशान

# गैस पाइपलाइन विस्तार कार्य में मनमानी का आरोप प्रभावित किसान कलेक्टर से शिकायत की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- किसानों ने कहा- बिना जानकारी दिए खेतों में खोदे जा रहे गड्ढे
- मुआवजा वितरण में भी असमानता का आरोप

बेरला अनुविभाग के भिम्भौरी तहसील इलाके के दर्जनभर गाँव मे गेल इंडिया कम्पनी गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य फिलहाल एक साल से निरन्तर चल रहा है, जो अपने कार्यशैली एवं स्वरूप के कारण काफी विवाद व चर्चा में बना हुआ है। शासन-प्रशासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में काफी मनमानी एवं लापरवाही देखी जा रही है, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। फिलहाल मामला भिम्भौरी क्षेत्र के ग्राम पिरदा, बोरसी, उफरा, गबदा, सिलघट, ढाबा इत्यादि गाँव से कम्पनी द्वारा गैस पाइपलाइन विस्तार के दौरान किसानों की खेतों व उनकी फसलों को जमकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं, प्रभावित किसानों को मुआवजे के वितरण में भी अनियमितता देखी जा रही है। जिससे स्तब्ध ग्राम गब्दा का किसान जीवन साहू अब बेमेतरा में स्थित ज़िला कलेक्टोरेट जाकर जनचौपाल की सुनवाई में शिकायत करने की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि बीते शुक्रवार को जब वह गाँव में ही स्थित अपने आधा एकड़ रकबे के खेत पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि खेत में दो जगह बीच में खुदाई कर चेम्बर बना दिया गया है, जिसकी उन्हें सूचना भी नहीं दी गयी है,। साथ ही इससे पूर्व में भी उनको खेत प्रभावित होने पर फसल क्षतिपूर्ति के रूप में केवल 01 लाख रुपये की राशि प्रदान गयी। जबकि उनके खेत में तीन पाइप गुजारी गयी है। वहीं, गाँव के ही अन्य किसानों के खेतों से एक पाइप के गुजरने के बावजूद उन्हे 01 लाख रूपये से ज्यादा की राशि कम्पनी द्वारा मुआवजा के रूप में दी गयी है, जो कि काफी गम्भीर है। वहीं गैस कम्पनी द्वारा प्रभावित इलाके के खेतों में आज भी गड्ढे खोदकर खुला छोड़ दिया जा रहा है, जो पशुओं के लिए खतरा बना हुआ है। दरअसल भारत सरकार की देशभर में गैस कनेक्शन से जोड़ने के लिए महत्वाकांक्षी योजना के तहत पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से गैस उपभोक्ताओं को सीधे गैस की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए फिलहाल मुम्बई से लेकर ओडिशा तक गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य गेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इन दिनों छत्तीसगढ़ में पाइप बिछा रही है।

### पाइपलाइन के दोनों तरफ कुछ मीटर की जमीन भी अनुपयोगी

इस सम्बंध में किसानों का कहना है कि कंपनी के द्वारा किसानों से पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन के दोनों तरफ कुछ मीटर की जमीन उपयोग में ली गई है। इस जमीन पर किसान भविष्य में ना तो कोई निर्माण कर सकता है और नहीं बोरवेल खुदवा सकते हैं। वहीं, कंपनी की तरफ से कोई अधिकृत जानकारी भी नहीं दी जा रही है, कि किसके लिए यह पाइपलाइन बिछाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह गुपचुप तरीके से पाइपलाइन बिछाने के साथ ही मुआवजा वितरण में भी असमानता व भिन्नता देखने को मिल रही है।

---

# बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए मोंटी ने की दावेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला भाजपा अध्यक्ष अजय सहित वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर दिया आवेदन

जिला मुख्यालय पर नगरीय निकाय चुनाव का माहौल तेज हो चुका है। राजनीतिक दलों में टिकिट के दावेदार जोर अजमाइश में जुट गए हैं। भाजपा संगठन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्ण करने की ओर है। रविवार भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू ने भी बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की। मोंटी साहू के समर्थन में सैकड़ों समर्थकों व शहर के भाजपा पदाधिकारियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, विधायक दीपेश साहू,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर टिकिट दिए जाने की मांग की। इस दौरान बेमेतरा सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष दोहाई सिंह वर्मा ,शहर महामंत्री संतोष वर्मा, तारण सिंह राजपूत ,निखिल साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ,रानू वर्मा ,भानु साहू, विनय साहू, अभिनव ठाकुर ,शुभम सोनी ,योगेंद्र ध्रुव व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस संबंध में मोंटी साहू ने कहा कि मैंने अपने समर्थकों व पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं की इच्छाओं के अनुरूप नगर पालिका परिषद बेमेतरा अध्यक्ष के लिए भाजपा से अधिकृत करने के लिए अपनी दावेदारी भाजपा जिलाध्यक्ष , बेमेतरा विधायक,पूर्व विधायक ,पूर्व जिलाध्यक्ष से भेंट मुलाकात कर आवेदन प्रस्तुत किया है।

---

# सद्गुरु कबीर के बताए मार्ग पर चलने से ही जीवन की मुक्ति संभव : महंत ओहंग दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- अकलवारा में हुआ दो दिवसीय संत समागम समारोह

ग्राम अकलवारा में सद्गुरु कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में धर्मनगरी अकलवारा में दो दिवसीय संत समागम मेला का आयोजन विगत 17 और 18 जनवरी को सम्पन्न हुआ। इसमें प्रथम दिवस प्रातः 9:00 बजे से 12:00 तक संतो महंतो व ग्रामवासियों के द्वारा बहुत ही सुंदर शोभायात्रा निकाली गई, जो गाँव की गलियों से होती हुई वापस सत्संग स्थल पर पहुंची। पहले दिन बालिका सत्संग ग्रंथ मंडली सहसपुर के द्वारा सुंदर भजन सत्संग का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात आमिन माता सत्संग ग्रंथ मंडली लेंजवारा के द्वारा सद्गुरु कबीर के सुंदर वाणी वचनों को भजन एवं सत्संग के द्वारा सुनाया गया। उसके पश्चात महंत सजीवन दास जी के द्वारा सुंदर भजन एवं सत्संग का कार्यक्रम हुआ। दूसरे दिवस प्रातः गुरु महिमा का पाठ हुआ। उसके पश्चात आए हुए सभी संतो महंतों, सजीवन दास, महंत ओहंग दास के द्वारा भजन सत्संग का कार्यक्रम हुआ। महंत ओहंग दास ने अपने सत्संग में कहा कि सतगुरु कबीर साहेब के बताये हुए मार्ग पर चलकर ही मानव की मुक्ति संभव है। अन्य कोई रास्ता नहीं है। सद्गुरु कबीर साहेब के द्वारा दिये गये मूलमंत्र सत्यनाम का स्मरण करके ही मानव इस भवसागर से पार हो सकते है।

### 101 दीपों के साथ की गई चौका आरती

उसके बाद सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन किया गया। इसके तहत 101 सात्विक यज्ञ चौका आरती में दीप प्रज्वलित किया गए। इस सत्संग समारोह में महंत सजीवन दास, ओहंग दास, सहित अनेक संत उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष मनमोहन दास, प्रेमलाल साहू, मोतीराम, संतोष साहू पूर्व सरपंच लवकुश साहू, अंगेश्वर साहू, गेंदराम, घनश्याम साहू, मनोज साहू, पीलू राम साहू, प्रेमलाल, मोती लाल, ध्रुव साहू, प्रकाश साहू, खेलूराम, सियालाल, पूरन सिन्हा, गुनी राम, बसंत साहू, राम गोपाल साहू, हरिराम सहित समस्त ग्राम वासियों का योगदान रहा।

---





### हाट रांका में शुरू हुआ श्री रूद्र महायज्ञ

**साजा।** ग्राम हाट रांका में पंच कुंडीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन 19 जनवरी से 27 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रथम दिवस रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा का वाचन रोशनी शास्त्री द्वारा किया जाएगा।

---

# कुरदी के ग्रामीणों ली नशामुक्त व स्वच्छ सुंदर ग्राम बनाने की शपथ

- विशेष ग्राम सभा में सरपंच संजय ने दिलाई ग्रामीणों को शपथ

**बालोद।** ग्राम कुरदी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में नशा मुक्ति व स्वच्छता अभियान के लिए शपथ ली गई। सरपंच संजय साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को नशामुक्त कुरदी एवं स्वच्छ सुंदर कुरदी बनाने के लिए शपथ दिलाई।



विशेष ग्राम सभा में स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदान किए गए संपत्ति कार्ड वितरण समारोह का सीधा प्रसारण देखा सुना गया। प्रधानमंत्री द्वारा संपत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम के बाद सरपंच संजय साहू ने कहा स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड मिलने के बाद ग्राम में शांति एवं भाई चारा स्थापित होगा। विवाद खत्म होंगे। संपत्ति कार्ड ग्रामीणों की उन्नति का आधार भी बनेंगे। संजय साहू ने बताया कि ड्रोन व सर्वेयर के माध्यम से ग्रामीणों की संपत्ति का सर्वे बीते दिनों किया गया था, जिसका अब स्वामित्व कार्ड प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में गुण्डरदेही में कार्ड का वितरण नहीं हो रहा है, इसलिए कुरदी में भी स्वामित्व कार्ड नहीं दिया जा रहा है।

---

# खेल से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : तिर्की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




- समाधान महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम में एसडीओपी ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

समाधान महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की ने कहा कि खेल के माध्यम से जीवन के व्यवहारिक पहलुओं को समझने व सीखने जैसे-टीम भावना, नेतृत्व क्षमता व संघर्ष से उभरकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। खेल से शारीरिक व मानसिक शक्ति का विकास होता है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। खेल से तनाव में कमी एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। विशिष्ट अतिथि पीजी कॉलेज बेमेतरा के क्रीड़ा अधिकारी दुर्गा प्रसाद जंघेल ने विद्यार्थियों को खेल का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि नियमित खेल करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजेश गजपाल रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ .जी.डी.मानिकपुरी, निधि तिवारी, नंदनी वर्मा, गायत्री राजपूत, संगीता अग्रवाल, रेवती साहू, राजेंद्र वर्मा, होरीलाल देवांगन, उमेश सिंह राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, विनीता अग्रवाल, पूजा सिन्हा, पूजा वर्मा, पूर्ति अग्रवाल, रूपेंद्र डहरिया, कमलेश साहू, राजेश गजपाल, राजेश यादव,प्रणय सिंह राजपूत , श्रद्धा राजपूत व शुभम गजभिये रहें। फर्स्ट एड बॉक्स में सहायक प्राध्यापक विनीता अग्रवाल व रेवती साहू एवं हेल्पर डेस्क में सहायक प्राध्यापक प्रीति शर्मा व पूजा सिन्हा रही। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिन्हा, राजेंद्र वर्मा व छात्राध्यापक प्रांजल पाण्डेय द्वारा किया गया। अतिथियों को महाविद्यालय के स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ये रहे विजेता

खेलकूद में बालक बालिका दोनों के लिए क्रिकेट, भाला फेंक, तवा फेंक, गोला फेंक, दौड़, शतरंज, कैरम, सुई धागा दौड़, कंचा दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, मेंढक दौड़, बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। बालिका कैरम में श्रीयता तिवारी व श्रद्धा पाण्डेय विजेता व भुनेश्वरी व होमिनी उपविजेता ,बालक कैरम में दुष्यंत पाठक व आयुष साहू विजेता , नागेश्वर शुक्ला व टिकेंद्र देवांगन उपविजेता, बालिका भाला फेंक में गौरी वर्मा विजेता व श्रद्धा पाण्डेय उपविजेता, बालक भाला में संदीप विजेता व रवि किशन उपविजेता ,लंबी कूद बालक में अरुण बंसे विजेता व नामेन्द्र सिंह जगत उपविजेता, लंबी कूद बालिका में हरीशा विजेता व सरस्वती उपविजेता ,बालिका 100 मीटर दौड़ में सरस्वती विजेता व तारादेवी उपविजेता, बालक 100 मीटर दौड़ अरुण विजेता व प्रेमनाथ उपविजेता,बालक 200 मीटर दौड़ में प्रेमनाथ मरकाम विजेता व मोहित उपविजेता, 200 मीटर दौड़ बालिका सरस्वती विजेता व तारा उपविजेता, सुई धागा बालिका में श्रद्धा पाण्डेय विजेता व सरस्वती उपविजेता, सुई धागा बालक में भावेश यादव विजेता व गिरीश उपविजेता, कंचा दौड़ बालक में पिंटु विजेता व भावेश उपविजेता, कंचा दौड़ बालिका में रानू कुंजाम विजेता व तारा देवी उपविजेता,तवा फेंक बालिका में गौरी वर्मा विजेता व पायल उपविजेता, तवा फेक बालक में देवेश सोनी विजेता व भावेश उपविजेता, बोरा दौड़ बालिका में रश्मि ठाकुर विजेता व तारा देवी उपविजेता, बोरा दौड़ बालक में सूरज साहू विजेता व अर्जुन उपविजेता, मेंढक दौड़ बालक में प्रेमनाथ विजेता व बीसीए तृतीय वर्ष भारत उपविजेता,जलेबी दौड़ बालक में पिंटु लहरे विजेता व संदीप उपविजेता, जलेबी दौड़ बालिका में श्रद्धा पाण्डेय विजेता व सरस्वती उपविजेता,शतरंज बालिका में होमिनी पात्रे विजेता व गौरी वर्मा उपविजेता, शतरंज बालक में दुष्यंत पाठक विजेता व भूषण चंद्राकर उपविजेता,गोला फेंक बालक में नोमेंद्र सिंह जगत विजेता व अरुण बंसे उपविजेता, गोला फेंक बालिका में मारकण्डेय विजेता व हरीशा द्वितीय उपविजेता ,बैडमिंटन बालिका में आकृति बांगली व हरीशा विजेता एवं श्रद्धा पाण्डेय व श्रीयता तिवारी उपविजेता, क्रिकेट में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर से विजेता व सहायक प्राध्यापक उप विजेता रहे।

---

# श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाहोत्सव में झूमे श्रद्धालु

**बेरला/कोदवा।** समीपस्थ ग्राम परपोड़ा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पंडित रामानंद शास्त्री ने उद्धव चरित्र, महारासलीला व रूखमणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक पंडित शास्त्री ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने




का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में श्री कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी। जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुखमणी विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

online Booking:-www.tripuryatra.com



रिजर्वेशन कोच

24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

**अमरनाथ यात्रा**

बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी

नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।

राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

**प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है**

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport